# पद्य भाग

## मध्यकालीन कविता

### 1 रैदासबानी

**Knowledge Based 1 Marker**

**I अ एक शब्द या वाक्यांश या वाक्य में उत्तर लिखिए :**

1. रैदास किसकी रट लगाए हुए हैं ?
2. अंग-अंग में किसकी सुगंध समा गई है ?
3. रैदास अगर मोर हैं तब प्रभु जी क्या हैं ?
4. चकोर पक्षी किसे देखता रहता है ?
5. प्रभुजी के दीपक बनने पर रैदास क्या बन जाते हैं ?
6. प्रभुजी अगर मोती हैं तो धागा कौन है ?
7. 'सोने मिलत सुहागा' मुहावरे का क्या अर्थ है ?
8. रैदास अपने आपको किसका सेवक मानते हैं ?
9. रैदास भगवान से किस प्रकार की भक्ति करते हैं ?
10. रैदास किस प्रकार जीवन का निर्वाह करने के लिए कहते हैं ?
11. रैदास के अनुसार कभी भी क्या निष्फल नहीं जाता ?
12. रैदास किस राज्य की कामना करते हैं ?
13. रैदास कब प्रसन्न रहेंगे ?

**Comprehension based 3 Marker**

**आ निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर लिखिए :**

1. रैदास ने भगवान और भक्त के संबंध को कैसे वर्णित किया है ?
2. परिश्रम के महत्व के प्रति रैदास के क्या विचार है ?
3. रैदास ने किस प्रकार के राज्य का वर्णन किया है ?

**Expression based 4 Marker**

**इ निम्नलिखित का ससंदर्भ भाव स्पष्ट कीजिए :**

1. अब कैसे छूटै राम रट लागी |
   प्रभु जी तुम चंदन हम पानी,
   जाकी अंग-अंग बास समानी |
2. प्रभु जी तुम मोती, हम धागा,
   जैसे सोने मिलत सुहागा |
   प्रभु जी तुम स्वामी हम दासा
   ऐसी भगति करै रैदासा ||
3. रैदास श्रम करि खाइहि,
   जो लौ पार बसाय |
   नेक कमाई जउ करइ,
   कबहुँ न निहफल जाय ||

### 2 सूरदास के पद

**Knowledge Based 1 Marker**

**I अ एक शब्द या वाक्यांश या वाक्य में उत्तर लिखिए :**

1. अपने आपको कौन भाग्यशालिनी समझ रही हैं ?
2. गोपिकाएँ किसे संबोधित करते हुए बातें कर रही हैं ?
3. गोपिकाओं को किनकी आँखों से लगाव है ?
4. सुमन से ख़ुशबू कौन लेकर आता है ?
5. मधुप के मन में किसके प्रति अनुराग पैदा हुआ ?
6. अंग-अंग में किसका संचार हुआ ?
7. विरह-व्यथा किनका दूर हुआ ?
8. नंद-नंदन कहाँ पर देखे गये ?
9. श्रीकृष्ण के कान में किस आकार का कुंडल है ?
10. श्रीकृष्ण ने कौन-से रंग का वस्त्र धारण किया है ?
11. श्रीकृष्ण के तन से किसकी खुशबू आ रही है ?
12. श्रीकृष्ण के प्रेम में कौन मग्न हो जाती हैं ?
13. वाणी कहाँ रह गयी ?
14. श्रीकृष्ण की आँखें कैसी हैं ?
15. श्रीकृष्ण से सकुचाते हुए कौन मिलती हैं ?

16. कौन अंतर की बात जानने वाले हैं ?
17. कान्हा क्या करते हुए पकड़े गये ?
18. कान्हा ने कब-कब ग्वालिनी को सताया ?
19. श्रीकृष्ण के अनुसार किसने सब माखन खा लिया ?
20. ग्वालिनी का क्रोध जब शांत हो जाता है तब वह क्या करती है ?
21. सूरदास किसकी शोभा पर बलि जाते हैं ?

**Comprehension based 3 Marker**

**आ निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर लिखिए :**

1. गोपिकाएँ अपने आपको क्यों भाग्यशालिनी समझती हैं ?
2. श्रीकृष्ण के रूप सौन्दर्य का वर्णन कीजिए |
3. सूरदास ने माखन चोरी प्रसंग का किस प्रकार वर्णन किया है ?

**Expression based 4 Marker**

**इ निम्नलिखित का ससंदर्भ भाव स्पष्ट कीजिए :**

1. ऊधौ हम आजु भई बड़-भागी |
   जिन अँखियन तुम स्याम बिलोके, ते अँखियाँ हम लागीं |
   जैसे सुमन बास लै आवत, पवन मधुप अनुरागी |
   अति आनंद होत है तैसैं, अंग-अंग सुख रागी |
2. जमुना तट देखे नँद नँदन |
   मोर-मुकुट मकराकृत-कुंडल, पीत-बसन तन चंदन |
   लोचन तृप्त भए दरसन तैं उर की तपनि बुझानी |
   प्रेम-मगन तब भई सुंदरी, उर गदगद, मुख-बानी |
3. चोरी करत कान्ह धरि पाए |
   निसि-बासर मोहिँ बहुत सतायौ अब हरि अरि हाथहिँ आए |
   माखन-दधि मेरौ सब खायौ, बहुत अचगरी कीन्ही |
   अब तो घात परे हौ लालन, तुम्हँ भलै मैं चीन्ही |

## 3 रहीम के दोहे

**Knowledge Based 1 Marker**

**I अ एक शब्द या वाक्यांश या वाक्य में उत्तर लिखिए :**

1. बुद्धिहीन मनुष्य किसके समान है ?
2. किसके बिना मनुष्य का अस्तित्व व्यर्थ है ?
3. चिता किसे जलाती है ?
4. चिंता किसे जलाती है ?
5. कर्म का फल देनेवाला कौन है ?
6. रहीम के अनुसार अपने हाथ में क्या है ?
7. प्रेम की गली कैसी है ?
8. रहीम के अनुसार जहाँ अहं होता है, वहाँ किसका वास नहीं होता ?
9. रहीम किसे बावरी कहते हैं ?
10. जूती किसे खानी पड़ती है ?
11. रहीम किसे धन्य मानते हैं ?
12. जगत कहाँ से प्यासा लौट जाता है ?
13. रहीम किसे सींचने के लिए कहते हैं ?

**Comprehension based 3 Marker**

**आ निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर लिखिए :**

1. रहीम के अनुसार भू पर किस प्रकार के लोगों का जन्म लेना व्यर्थ है ?
2. रहीम ने मनुष्य की प्रतिष्ठा के संबंध में क्या कहा है ?
3. रहीम जी ने चिता और चिंता के अंतर को कैसे समझाया है ? स्पष्ट कीजिए |
4. कर्मयोग के स्वरूप के बारे में रहीम के क्या विचार हैं ?
5. अहंकार के संबंध में रहीम के विचार व्यक्त कीजिए |
6. वाणी को क्यों संयत रखना चाहिए ?
7. भगवान की अनन्य भक्ति के बारे में रहीम क्या कहते हैं ?

**Expression based 4 Marker**

**इ निम्नलिखित का ससंदर्भ भाव स्पष्ट कीजिए :**

1. रहिमन पानी राखिये, बिनु पानी सब सून |
   पानी गए न ऊबरै, मोती, मानुष, चून ||
2. रहिमन गली है साँकरी, दूजो ना ठहराहिं |
   आपु अहै तो हरि नहीं, हरि तो आपुन नाहिं ||

3. रहिमन जिह्वा बावरी, कहि गइ सरग पताल |
   आपु तो कहि भीतर रही, जूती खात कपाल ||
4. धनि रहीम जल पंक को, लघु जिय पिअत अघाय |
   उदधि बड़ाई कौन है, जगत पिआसो जाय ||

## 4 बिहारी के दोहे

**Knowledge Based 1 Marker**

**I अ एक शब्द या वाक्यांश या वाक्य में उत्तर लिखिए :**

1. किस वस्तु को पाकर मनुष्य उन्मत्त होता है ?
2. बिहारी के अनुसार मन कैसा होता है ?
3. भगवान कब प्रसन्न होते हैं ?
4. बाँसुरी किस रंग की है ?
5. किसकी गति को समझना मुश्किल है ?
6. प्रेमी चित्त कब उजला होता है ?
7. संपत्ति रूपी सलिल के बढ़ने का क्या परिणाम होता है ?
8. सम्पत्ति रूपी सलिल के घटने का क्या परिणाम होता है ?
9. वस्तुएँ कब सुन्दर प्रतीत होती हैं ?
10. पातक, राजा और रोग किसे दबाते हैं ?

**Comprehension based 3 Marker**

**आ निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर लिखिए :**

1. बिहारी ने दोनों कनक के संबंध में क्या कहा है ?
2. कवि बिहारी के अनुसार भगवान किस प्रकार की भक्ति से प्रसन्न होते हैं ?
3. बिहारी भगवान कृष्ण के प्रति अनुरक्त मन की गति का वर्णन किस प्रकार करते हैं ?
4. सम्पत्ति रूपी पानी और मन रूपी कमल के संबंध में बिहारी के क्या विचार हैं ?
5. बिहारी समय-समय पर बदलनेवाले मन की रूचि के बारे में क्या कहते हैं ?
6. सब वेद और स्मृतियाँ क्या बताते हैं ?

**Expression based 4 Marker**

**इ निम्नलिखित का ससंदर्भ भाव स्पष्ट कीजिए :**

1. कनक कनक तैं सौगुनौ, मादकता अधिकाइ |
   उहिं खाऐं बौराइ, इहिं पाऐं ही बौराइ ||
2. जपमाला छापा तिलक, सरै न एकौ कामु |
   मन-काँचै नाचै वृथा, साँचै राँचै रामु ||
3. अति अगाधु, अति औथरौ, नदी, कूप, सरू, बाइ |
   सो ताकौ सागरू जहाँ, जाकी प्यास बुझाइ ||
4. समै-समै सुन्दर सबै, रूप कुरूप न कोइ |
   मन की रूचि जेती जितै, तित तेती रूचि होइ ||
5. कहै यहै श्रुति सुम्रत्यौ, यहै सयाने लोग |
   तीन दबावत निसकहीं, पातक, राजा, रोग ||

## आधुनिक कविता

## 1 अधिकार

**Knowledge Based 1 Marker** -महादेवी वर्मा

**I अ एक शब्द या वाक्यांश या वाक्य में उत्तर लिखिए :**

1. मुस्काते फूल को क्या आना चाहिए ?
2. तारों के दीप को क्या भाना चाहिए ?
3. मेघ में किस चीज़ की चाह होनी चाहिए ?
4. ऋतुराज को कौन-सी राह देखनी चाहिए ?
5. आँखों की सुंदरता किससे बढ़ती है ?
6. प्राणों की सार्थकता किसमें है ?
7. कवयित्री को किसकी चाह नहीं है ?
8. कवयित्री किस अधिकार की बात कर रही हैं ?
9. परमात्मा की करुणा से कवयित्री को क्या मिला ?

**Comprehension based 3 Marker**

**आ निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर लिखिए :**

1. फूल एवं तारों के विषय में कवयित्री महादेवी वर्मा क्या कहती हैं ?
2. बादल एवं वसंत ऋतु से हमें क्या प्रेरणा मिलती है ?
3. जीवन की सार्थकता किसमें हैं ?

4. कवयित्री अमरों के लोक को क्यों ठुकरा देती हैं ?
5. 'अधिकार' कविता के द्वारा कवयित्री ने क्या संदेश दिया है ?
6. 'अधिकार' कविता में प्रयुक्त प्राकृतिक तत्वों के बारे में लिखिए |

**Expression based 4 Marker**

**इ निम्नलिखित का ससंदर्भ भाव स्पष्ट कीजिए :**

1. वे सूने से नयन, नहीं -
   जिनमें बनते आँसू-मोती;
   वह प्राणों की सेज, नहीं–
   जिनमें बेसुध पीड़ा सोती;
2. ऐसा तेरा लोक, वेदना,
   नहीं, नहीं जिसमें अवसाद,
   जलना जाना नहीं, नहीं -
   जिसने जाना मिटने का स्वाद !
3. क्या अमरों का लोक मिलेगा ?
   तेरी करुणा का उपहार ?
   रहने दो हे देव ! अरे
   यह मेरा मिटने का अधिकार !

## 2 गहने

**Knowledge Based 1 Marker** -कुवेंपु (अनु: डॉ. एम. विमला)

**I अ एक शब्द या वाक्यांश या वाक्य में उत्तर लिखिए :**

1. बेटी सोने के गहने क्यों नहीं चाहती ?
2. बेटी रंगीन कपड़े पहनने से क्यों इनकार करती है ?
3. माँ रंगीन कपड़े और गहने पहनने के लिए क्यों आग्रह करती है ?
4. बेटी को क्यों सुंदर दिखना है ?
5. बेटी सजने-धजने से क्या महसूस करती है ?
6. बेटी किन्हें गहने मानती है ?
7. माँ और बेटी एक-दूसरे के लिए क्या बनते हैं ?

**Comprehension based 3 Marker**

**आ निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर लिखिए :**

1. बेटी रंगीन कपड़े और गहने क्यों नहीं चाहती ?
2. 'गहने' कविता के द्वारा कवि ने क्या आशय व्यक्त किया है ?

**Expression based 4 Marker**

**इ निम्नलिखित का ससंदर्भ भाव स्पष्ट कीजिए :**

1. ताकि दिखाई दो सुंदर, बहुत ही सुंदर यों कहती हो
   सुंदर लगे किसको, कहो माँ ?
   देखने वालों को लगता है सुंदर, देता है आनंद;
   मगर मुझे बनता है बड़ा बंधन !
2. मेरा यह बचपन, तुम्हारा मातृत्व
   ये ही गहने हैं मेरे लिए, माँ;
   मैं तुम्हारा गहना; तुम मेरा गहना;
   फिर अन्य गहने क्यों चाहिए, माँ?

## 3 कायर मत बन

**Knowledge Based 1 Marker** -नरेन्द्र शर्मा

**I अ एक शब्द या वाक्यांश या वाक्य में उत्तर लिखिए :**

1. कवि नरेन्द्र शर्मा क्या न बनने का संदेश देते हैं ?
2. कौन राह रोकता है ?
3. कवि नरेन्द्र शर्मा के अनुसार मनुष्य को कैसे नहीं जीना चाहिए ?
4. कवि नरेन्द्र शर्मा के अनुसार मनुष्य को किसने सींचा है ?
5. मानवता ने मनुष्य को कैसे सींचा है ?
6. युद्ध के समय क्या नहीं करना चाहिए ?
7. कवि नरेन्द्र शर्मा मनुष्य को किसके बल पर जीतने को कहते हैं ?
8. कवि नरेन्द्र शर्मा के अनुसार प्रतिहिंसा क्या है ?
9. कवि नरेन्द्र शर्मा ने किसे अधिक अपावन कहा है ?
10. कवि नरेन्द्र शर्मा के अनुसार मनुष्य के अंदर का मानव कैसा है ?
11. कवि नरेन्द्र शर्मा क्या अर्पण करने के लिए कहते हैं ?
12. कवि नरेन्द्र शर्मा किसके सामने आत्मसमर्पण न करने के लिए कहते हैं ?

**Comprehension based 3 Marker**

**आ निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर लिखिए :**

1. 'कायर मत बन' कविता के द्वारा कवि हमें क्या संदेश देते हैं ?
2. कवि नरेन्द्र शर्मा ने प्रतिहिंसा और कायरता के संबंध में क्या कहा है ?
3. मानवता के प्रति कवि नरेन्द्र शर्मा के विचार प्रकट कीजिए |

**Expression based 4 Marker**

**इ निम्नलिखित का ससंदर्भ भाव स्पष्ट कीजिए :**

1. ले-देकर जीना क्या जीना ?
   कब तक गम के आँसू पीना ?
   मानवता ने सींचा तुझको
   बहा युगों तक खून-पसीना |
2. युद्धं देहि कहे जब पामर
   दे न दुहाई पीठ फेर कर;
   या तो जीत प्रीति के बल पर
   या तेरा पद चूमे तस्कर |
3. यह मिटता है, वह बनता है,
   यही सत्य की सही तोल है,
   अर्पण कर सर्वस्व मनुज को,
   कर न दुष्ट को आत्मसमर्पण

## 4 एक वृक्ष की हत्या

**Knowledge Based 1 Marker**

-कुँवर नारायण

**I अ एक शब्द या वाक्यांश या वाक्य में उत्तर लिखिए :**

1. अबकी कौन घर लौटा ?
2. कवि ने बूढ़ा चौकीदार किसे कहा है ?
3. वृक्ष का शरीर किससे बना है ?
4. सूखी डाल कैसी है ?
5. वृक्ष की पगड़ी कैसी है ?
6. वृक्ष का जूता कैसा है ?
7. अभी भी किसमें अक्खड़पन दिखाई देता है ?
8. वृक्ष की वर्दी किस रंग की है ?
9. दूर से ही वृक्ष कैसे ललकारता है ?
10. वृक्ष की ललकार सुन कवि क्या जवाब देते हैं ?
11. पल भर में कवि कहाँ बैठ जाते हैं ?
12. शुरू से ही क्या अंदेशा था ?
13. घर को किससे बचाना है ?
14. शहर को किससे बचाना है ?
15. देश को किससे बचाना है ?
16. नदियों को क्या हो जाने से बचाना है ?
17. हवा को क्या हो जाने से बचाना है ?
18. खाने को क्या हो जाने से बचाना है ?
19. जंगल को क्या हो जाने से बचाना है ?
20. मनुष्य को क्या हो जाने से बचाना है ?

**Comprehension based 3 Marker**

**आ निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर लिखिए :**

1. वृक्ष न दिखने पर कवि उसकी यादों में कैसे खो गए ?
2. वृक्ष की महत्ता पर प्रकाश डालिए |
3. पर्यावरण के संरक्षण के संबंध में कवि कुँवर नारायण के विचार लिखिए |

**Expression based 4 Marker**

**इ निम्नलिखित का ससंदर्भ भाव स्पष्ट कीजिए :**

1. अबकी घर लौटा तो देखा वह नहीं था–
   वही बूढ़ा चौकीदार वृक्ष
   जो हमेशा मिलता था घर के दरवाज़े पर तैनात |
2. दरअसल शुरू से ही था हमारे अंदेशों में
   कहीं एक जानी दुश्मन
   कि घर को बचाना है लुटेरों से
   शहर को बचाना है नादिरों से
   देश को बचाना है, देश के दुश्मनों से |

3. बचाना है -
   नदियों को नाला हो जाने से
   हवा को धुँआ हो जाने से
   खाने को ज़हर हो जाने से :
   बचाना है--जंगल को, मरुथल हो जाने से,
   बचाना है–मनुष्य को जंगल हो जाने से |

## 5 भारत की धरती

**Knowledge Based 1 Marker** -डॉ. पुण्यमचन्द 'मानव'

**I अ एक शब्द या वाक्यांश या वाक्य में उत्तर लिखिए :**

1. राम-कृष्ण की जन्म भूमि मन में क्या भरती है ?
2. माखन का भोग कौन लगाते हैं ?
3. भारत की यह भूमि किसका दर्प-दलन करती है ?
4. हमारे मस्तक को किसने ऊँचा किया है ?
5. अपने बल पर कौन अड़ा है ?
6. भजन भाव में किसकी वाणी जैसा धीर है ?
7. सरस्वती सरिता तट किसका उद्गाता है ?
8. हरा-भरा हरियाणा किनका स्थल है ?
9. इंद्रपुरी किसके सामने पानी भरती है ?
10. राणा की हुँकार कहाँ सुनी जा सकती है ?
11. स्वाभिमान से ऊँचे मस्तक क्या नहीं हो सकते ?
12. युद्ध क्षेत्र में कौन डट कर लड़ते रहे ?
13. पितरों का तर्पण किस भूमि में होता है ?
14. विश्वगुरु कौन कहलाते हैं ?
15. तमिलनाडु में रामायण का ज्ञान कौन दे रहा है ?
16. महाराष्ट्र मरहठे किसके कृत्यों के गायक हैं ?
17. कर्नाटक में किसकी शीतल मंद सुगंध विचरती है ?
18. विश्व ने किसकी शक्ति मानी है ?
19. कर्नाटक में किसके बलिदानों की एक कहानी है ?
20. भारतीयता कहाँ बहु रूप में सँवरती है ?
21. कर्नाटक की परम पुनीत नदी कौन-सी है ?
22. कर्नाटक में किस महाकवि के दर्शन कर सकते हैं ?
23. भारत माता की धरती किसकी धरती है ?

**Comprehension based 3 Marker**

**आ निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर लिखिए :**

1. 'मानव' ने उत्तर प्रदेश की किन विशेषताओं का वर्णन किया है ?
2. पंजाब केसरी की महत्ता प्रकट कीजिए |
3. हरियाणा की सांस्कृतिक विशेषताओं पर प्रकाश डालिए |
4. राजस्थान की वीरता के संबंध में 'मानव' के क्या विचार हैं ?
5. बिहार राज्य की भव्यता का वर्णन कीजिए |
6. दक्षिण प्रदेश की महत्ता को अपने शब्दों में लिखिए |
7. कर्नाटक के गौरवशाली इतिहास और संस्कृति के संबंध में 'मानव' के क्या उद्गार हैं ?

**Expression based 4 Marker**

**इ निम्नलिखित का ससंदर्भ भाव स्पष्ट कीजिए :**

1. उत्तर में उत्तर प्रदेश, काशी, प्रयाग, हरिद्वार जहाँ |
   मलिक मुहम्मद के, कबीर के, तुलसी के उद्गार जहाँ |
   बद्रीनाथ, केदारनाथ-से, तीर्थों का यह स्थल पावन
   माखन भोग लगानेवाला, कृष्ण कन्हैया मनभावन ||
2. वेद और उपनिषद् ज्ञान गीत का तत्व प्रदाता है |
   सरस्वती सरिता तट वैदिक मंत्रों का उद्गाता है ||
   हरित-भरित हरियाणा, अर्जुन, भीम, युधिष्ठिर का स्थल है |
   धर्म-कर्म-संस्कृति-सभ्यता, बल-पौरुष का संबल है ||
3. परम पुनीत नीर कावेरी, मस्तक धर कर्नाटक में |
   पम्प महाकवि के दर्शन, कर लो चलकर कर्नाटक में ||
   बसवेश्वर या अक्कमहादेवी कर्नाटक में गाते |
   रामानुज आचार्य 'मेलकोटे' में दर्शन दे जाते ||

## 6 हो गई है पीर पर्वत-सी

**Knowledge Based 1 Marker** -दुष्यन्त कुमार

**I अ एक शब्द या वाक्यांश या वाक्य में उत्तर लिखिए :**

1. कवि दुष्यन्त कुमार के अनुसार जनता की पीड़ा किसके समान है ?
2. पीर पर्वत हिमालय से क्या निकलनी चाहिए ?
3. दीवार किसकी तरह हिलने लगी ?
4. कवि के अनुसार क्या शर्त थी ?
5. पीड़ित व्यक्ति को किस प्रकार चलना चाहिए ?
6. कवि का क्या मकसद नहीं है ?
7. कवि की क्या कोशिश है ?
8. सीने में क्या जलनी चाहिए ?
9. 'हो गई है पीर पर्वत-सी' के गज़लकार का नाम लिखिए |

**Comprehension based 3 Marker**

**आ निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर लिखिए :**

1. कवि दुष्यन्त कुमार के अनुसार समाज में क्या फैला हुआ है ?
2. 'हो गई है पीर पर्वत-सी' गजल से पाठकों को क्या संदेश मिलता है ?
3. पीड़ित व्यक्ति की संवेदना को कवि दुष्यन्त कुमार ने किस प्रकार व्यक्त किया है ?

**Expression based 4 Marker**

**इ निम्नलिखित का ससंदर्भ भाव स्पष्ट कीजिए :**

1. आज यह दीवार परदों की तरह हिलने लगी
   शर्त लेकिन थी कि ये बुनियाद हिलनी चाहिए |
2. हर सड़क पर, हर गली में, हर नगर, हर गाँव में,
   हाथ लहराते हुए हर लाश चलनी चाहिए |
3. सिर्फ हंगामा खड़ा करना मेरा मकसद नहीं,
   मेरी कोशिश है कि ये सूरत बदलनी चाहिए |
4. मेरे सीने में नहीं तो तेरे सीने में सही,
   हो कहीं भी आग, लेकिन आग जलनी चाहिए |

************